भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 904

जिसका उत्तर 27 जून, 2019 को दिया जाना है।

.....

जलाशयों में पानी की कमी

904. श्री नितेश गंगा देब:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न जलाशयों में जल संग्रहण पिछले तीन वर्षों की तुलना में मार्च 2019 से मई 2019 के महीनों के दौरान काफी कम हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ओडिशा राज्य में हीराकुंड जलाशय में जल स्तर पिछले दो वर्षों की तुलना में चालू वर्ष के दौरान कम हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और हीराकुंड जलाशय में भविष्य में पर्याप्त जल भंडारण रखने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (घ) केंद्रीय जल आयोग देश के 91 जलाशयों की सक्रिय भंडारण स्थिति की साप्ताहिक आधार पर निगरानी करता है और प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक बुलेटिन जारी करता है। इन जलाशयों में उपलब्ध बुलेटिन के अनुसार क्रमः 31.03.2016, 26.05.2016, 30.03.2017, 25.05.2017, 28.03.2018, 31.05.2018, 28.03.2019 और 30.05.2019 को सक्रिय भंडारण क्रमशः 39,651 बिलियन घन मीटर (बीसीएम), 26.816 बीसीएम, 52.632 बीसीएम, 35.053 बीसीएम, 46.136 बीसीएम, 27.659 बीसीएम, 50.307 बीसीएम और 31.650 बीसीएम था।

1 जून, 2019 को हीराकुंड जलाशय में जल स्तर 183.95 मीटर था, जो 1 जून, 2018 और 2017 को क्रमशः 184.8 मीटर और 184.4 मीटर था। जलाशय में अपेक्षित जल स्तर, बांध प्राधिकरणों जो ओडिशा सरकार द्वारा वर्षा के निर्धारण, बाढ़ के स्तर और पानी की मांग आदि के माध्यम से बनाए रखा जाता है।

*****